Student ADVISOR®
A different way of learning ...
Excellent Series

# अक्षर लहर

Low Price Edition



# अ

अनार



अ से अनार, बाजार से लाओ।
बैठ प्यार से, इसको खाओ।।

# आ

आम



आ से आम, है मीठा-ताजा।
सभी फलों का, है यह राजा॥

# इ

इमली



इ से इमली, बोलो कैसी।
खट्टी-मीठी, टॉफी जैसी।।

# ई

ईख



ई से ईख, ईख ही गन्ना।
गुड़ और चीनी, खाए मुन्ना।।

# उ

उल्लू



उ 'उ' से उल्लू, रात में जगता।
दिन में अन्धा, देख न सकता।।

# ऊ

ऊन





ऊ से ऊन, ऊन का गोला।
इसका स्वेटर, पहने भोला।।

# ऋ




ऋ से ऋषि, लगाते ध्यान।
इनकी बातों में है ज्ञान॥

# ए




ए से एड़ी, तुम भी उठाओ।
मेरे कदम से कदम मिलाओ।।

# ऐ

ऐनक



ऐ से ऐनक, कितनी प्यारी।
नाक-कान की करे सवारी॥

# ओ

ओखली



ओ से ओखली, कितनी सुन्दर।
कुछ भी कूटो इसके अन्दर।।

# औ

औरत



औ से औरत, स्त्री–नारी।
मम्मी, दादी, नानी प्यारी।।

# अं

अंगूर





**अं** से अंगूर, हरे और काले।
खट्टे-मीठे, बड़े निराले।।

अः हः हः



# अः

**अः** से अह-ह, जब तुम हँसते।
बोलो, कितने प्यारे लगते।।

# क






**क** से कबूतर, मन को भाए।
गुटुर-गुटुर-गूँ, गीत सुनाए।।

# ख






**ख** से खरगोश, भोला-भाला।
नानी ने है उसको पाला।।

# ग




ग से गमला, इसमें फूल।
तोड़ इन्हें तुम करो न भूल।।





# घ

घ से घड़ी, ये टिक्-टिक् करती।
जब देखो तब चलती रहती।।

# ङ

# च





**च** से चरखा, बापू लाए।
सूत कात, कपड़े बनवाए।।



# छ



**छ** से छतरी, सबको भाए।
बारिश-धूप से, सदा बचाए।।

# ज

जहाज



ज से जहाज, चले जल-अन्दर।
पार कराये, सात समन्दर॥

झरना

# झ



झ से झरना, बहता जाए।
कल-कल, छल-छल, गीत सुनाए॥

अ

# ट




ट से टमाटर, कितना लाल।
खाकर इसको, करो कमाल।।

# ठ




ठ से ठठेरा, ठक्-ठक् करता।
तब जाकर एक बर्तन बनता।।

# ड




ड से डमरू, बाजे डम-डम।
सुनकर गुड़िया, नाचे छम-छम।।





# ढ

ढ से ढक्कन, ढकता बरतन।
तब बचता, चूहों से भोजन।।

ण

# त




त से तरबूज, है मोटी खाल।
हरा है बाहर, अन्दर लाल।।

# थ




थ से थरमस, इसमें पानी।
पीकर प्यास, बुझालो रानी।।

# द

दवात




द से दवात, है इसमें स्याही।
काली-नीली, या मनचाही॥

# ध

धनुष



ध से धनुष, राम का प्यारा।
जिससे राक्षस, रावण मारा॥

# न







न से नल में पानी आता।
हम सबकी जो प्यास बुझाता।।

# प



प से पतंग, हवा में उड़ती।
आसमान की सैर ये करती।।

# फ

फल



फ से फल, यदि प्रतिदिन खाओ।
सुन्दर, स्वस्थ, बली बन जाओ॥

# ब

बस



ब से बस, इसमें जाएँगे।
सैर-सपाटा, कर आएँगे॥

# भ


भालू



**भ** से भालू, नाच दिखाता।
हम सबको, वह बहुत हँसाता॥

मछली

# म



**म** से मछली, जल में रहती।
नहीं किसी से, कुछ भी कहती॥

# य





**य** से यज्ञ, करें सब ज्ञानी।
इसकी महिमा, सबने मानी।।





# र

**र** से रथ, जो दौड़े सरपट।
मंजिल पर, पहुँचाए झटपट।।

# ल

लट्टू



ल से लट्टू, गोल-मटोल।
बोलो सच-सच, मीठे बोल।।

# व

वक



व से वक, पानी में आता।
दाँव लगाकर, मछली खाता।।

# श







श से शलगम, ले लो भैया।
एक किलो के, पाँच रुपैया॥

# ष



ष से शुरू हुआ षट्कोण।
बोलो कितने? छः हैं कोण॥

# स

सपेरा



स से सपेरा, बीन बजाए।
झूम-झूम कर, साँप नचाए।।

हल

# ह



ह से हल ने धरती जोती।
इसके बिना, न खेती होती।।

# क्ष

क्षत्रिय



क्ष से क्षत्रिय, वीर-बहादुर।
दुश्मन भागे, इनसे डरकर॥

त्रिशूल

# त्र



त्र से त्रिशूल, जो शिवजी धरते।
दुष्ट दैत्य इसे, देखके डरते॥

# ज्ञ

ज्ञानी



ज्ञ से ज्ञानी, दें हमें ज्ञान।
गुरु का करो, सदा सम्मान।।

श्रमिक

# श्र



श्र से श्रमिक है इसका नाम।
मेहनत करना इसका काम।।

# ड़







ड़ रबड़ हमारे मन को भाए।
जहाँ गलत हो, उसे मिटाए॥

# ढ़






ढ़ मेरी बात समझो मेरे भाई।
मन लगाकर करो पढ़ाई॥